<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में प्रीमियर शाखाओं का किया शुभारंभ

मुंबई; 28 जून, 2024 : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी नई यूनियन प्रीमियर शाखाओं का शुभारंभ किया.

ग्रामीण और अर्ध-शहरी (रूसू) बाजारों में यूनियन बैंक के सम्मानित ग्राहकों के लिए यूनियन प्रीमियर एक विशिष्ट शाखा बैंकिंग अनुभव है. वैयक्तिकृत और त्वरित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई ये शाखाएं रूसू बाजारों में उच्च मूल्य वाले ग्राहकों के लिए समग्र सेवा समाधान के अंतर्गत उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेंगी.

प्रीमियम सेवाओं में एक नया युग

यूनियन प्रीमियर शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी (रूसू) ग्राहकों के लिए सुविधा, समृद्धि और दक्षता पर जोर देने वाली विशिष्ट सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करके बैंकिंग मानकों को पुन: परिभाषित करने हेतु तैयार है. इस पहल का उद्देश्य समर्पित ध्यान, आकर्षक शाखाओं और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाना है.

यूनियन प्रीमियर शाखाओं की मुख्य विशेषताएँ

- **समर्पित पर्सनल रिलेशनशिप मेनेजर** : प्रत्येक यूनियन प्रीमियर ग्राहक को उनकी बैंकिंग आवश्यकताओं अनुसार समाधान देने हेतु एक पर्सनल रिलेशनशिप मेनेजर का एक्सेस होगा.

- **आधुनिक और आकर्षक शाखाएँ**: प्रीमियर शाखाएँ ग्राहकों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए शांत और शानदार बैंकिंग अनुभव प्रदान करेंगी.

- **अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग समाधान**: यूनियन प्रीमियर शाखाएँ नवीनतम डिजिटल तकनीकों से सुसज्जित हैं, जिसके माध्यम से निर्बाध और कुशल बैंकिंग सुनिश्चित की जाती है.

- **सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव**: ग्राहक न्यूनतम निर्धारित समय अवधि के साथ त्वरित सेवाओं का आनंद लेंगे, जिससे उनका बैंकिंग अनुभव तेज़ और झंझट-रहित होगा.

उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता

शुभारंभ के अवसर पर, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै ने बताया, "यूनियन प्रीमियर शाखाओं का शुभारंभ हमारे सभी मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है. हम यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि हमारे सभी रूसू ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएँ प्राप्त हों और वे एक ऐसा बैंकिंग अनुभव प्राप्त करें जो विश्व स्तरीय और कुशल दोनों हो।"

अधिक जानकारी के लिए, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in देखें.